भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3258

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान

3258. श्री सुधाकर सिंह

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली, आयुर्वेदिक चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान और सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, जबकि बिहार राज्य में इस स्तर का कोई संस्थान विद्यमान नहीं है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का एआईआईए, नई दिल्ली के जैसे अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान बिहार में भी स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हाँ, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है, प्रस्तावित स्थान क्या है, स्वीकृत लागत कितनी है और निर्माण की समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार की बिहार में आयुर्वेदिक चिकित्सा, उच्च शिक्षा, अनुसंधान और पंचकर्म जैसी उन्नत सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य-योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में तीन नए एआईआईए संस्थान स्थापित किए जाने की घोषणा के अनुपालन में, आयुष मंत्रालय द्वारा चैलेंज पद्धति से स्थल चयन के उद्देश्य से चयन समिति तथा परियोजना कोर समिति (पीसीसी) नामक दो समितियों का गठन किया गया है। तदनुसार, बजट घोषणा के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

*****